# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आज कुलैथ में विशाल किसान सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 फरवरी।** मौजूदा साल को प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसान कल्याण वर्ष का पहला विशाल एवं भव्य किसान सम्मेलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज 18 फरवरी को दोपहर में ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में आयोजित होगा।

इस अवसर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को हितलाभ वितरित किए जायेंगे। साथ ही उन्नत कृषि तकनीक पर प्रदर्शनी भी लगेगी। प्रदर्शनी में उद्यानिकी, प्राकृतिक खेती व पशु नस्ल सुधार को प्रमुखता से शामिल किया गया है। किसान सम्मेलन में विधानसभा



अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह सहित अन्य अतिथिगण शामिल होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम कुलैथ में पहुँचने के बाद रोड शो के जरिए किसानों का अभिवादन करेंगे। इसके बाद किसान सम्मेलन परिसर में लगाई गई कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसी क्रम में दीप प्रज्ज्वलन कर किसान सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम में मौजूद कृषकों का सम्मान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस अवसर पर लगभग 88 करोड़ रुपए लागत के 41 विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया जायेगा।

इनमें 66 करोड़ 56 लाख रुपए लागत के कार्यों का लोकार्पण और 20 करोड़ 64 लाख रुपए लागत के कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसी क्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित करेंगे। साथ ही स्थानीय किसानों द्वारा आयोजित पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ का अवलोकन करेंगे और कन्हैया लोकगीतों का आनंद लेंगे।

## कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार युवक घायल

**ग्वालियर 17 फरवरी.** तेज रफ्तार कार चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बीती 24 जनवरी की है, जिसमें घायल ने हॉस्पिटल में उपचार के बाद बीते रोज तिघरा थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की है। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है।

तिघरा थाने में ग्राम परपटे का पुरा निवासी 31 वर्षीय गपलू खान पुत्र फजरउद्दीन खान ने शिकायत की है, कि बीती 24 जनवरी को वह किसी काम से भयपुरा गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के लिए बाइक से अपने घर की तरफ जा रहा था, इसी दौरान सहारा सिटी के पास पहुंचने पर पीछे से तेज रफ्तार में आए कार का चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मारता हुआ निकल गया।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 82 लोगों की सुनवाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 फरवरी।** कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में इस बार 82 लोगों की सुनवाई हुई। अपर कलेक्टर कुमार सत्यम व संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 82 आवेदनों में से 44 आवेदन दर्ज किए गए। शेष 38 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली, पुलिस इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीलदारों को दिए गए हैं। नगर निगम क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत भी नगर निगम के अधिकारियों को दी। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के नि:शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया।



### कलेक्टर ने लोगों को अपने कक्ष में बुलाकर सुनी समस्यायें

कलेक्ट्रेट में जन-सुनवाई के समय के साथ-साथ अन्य समय पर भी जन समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। मंगलवार को कलेक्टर रुचिका चौहान ने जन-सुनवाई के समय के बाद पहुँचे लोगों को अपने कक्ष में बुलाया और एक - एक कर सभी की समस्यायें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।





# आउटसोर्स कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 फरवरी।** मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह के नेतृत्व प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के तीसरे चरण में प्रदेश के 30 हजार आउटसोर्स, स्वास्थ्य, कर्मचारियों द्वारा न्याय की उचित प्रमुख मांगों को लेकर आज भी कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर शोषण प्रथा की नीति का विरोध किया गया। मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर तीसरे चरण 17 एव 18 फरवरी को कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर शोषण प्रथा की नीति का विरोध किया इसी कड़ी में 23 एवं 24 फरवरी को प्रदेश विभिन्न शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे राजधानी भोपाल की सड़कों पर एकत्रित होकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

# तलाशी लेने के बाद ही परीक्षार्थियों को मिला कक्ष में प्रवेश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 फरवरी।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा आज (मंगलवार) से शुरू हो गई है। ग्वालियर से इस परीक्षा में 26,744 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इसके लिए 91 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुबह 8:45 बजे तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इससे पहले परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच की गई और उन्हें परीक्षा के नियम भी समझाए गए। कुछ छात्र चंद मिनट की देरी से भी पहुंचे। अंग्रेजी का पेपर होने के कारण परीक्षार्थियों के चेहरे पर तनाव भी देखा गया। उधर, जिला प्रशासन, माध्यमिक शिक्षा मंडल ने फ्लाइंग स्क्वार्ड सहित नकल रोकने की पूरी तैयारी की है। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सात केंद्रों को रिजर्व रखा गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।



### केन्द्रों पर समय से पहले पहुंचे विद्यार्थी

चूंकि आज कक्षा दसवीं का पहला पेपर था इसलिए निर्धारित समय से पहले ही छात्र-छात्राएं परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच गए और अपने अभिभावकों के साथ अपना रोल नंबर देखकर अपने परीक्षा कक्ष को तलाशा। इस दौरान जिन परीक्षार्थियों को कक्ष तलाशने में परेशानी हो रही थी उनकी मदद परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी में लगे शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की।

### केन्द्रों पर महत्वपूर्ण नंबरों के बोर्ड लगाए

ग्वालियर के सभी परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड लगाए गए हैं, जिस पर 10वीं और 12वीं परीक्षा के क्रमांक के अलावा महत्वपूर्ण कलेक्टर रुचिका चौहान, सीईओ जिला पंचायत सौजान सिंह रावत और जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी के फोन नंबर लिखे गए हैं। ताकि किसी भी समय कोई भी परेशानी होने पर तत्काल संबंधित नंबरों पर बात की जा सके। वैसे तो पहला दिन होने के कारण अधिकांश छात्र-छात्राएं समय पर केन्द्रों पर पहुंचीं लेकिन कुछ विद्यार्थी निर्धारित समय से लेट पहुंचे और उन्हें चेतावनी देते हुए परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

### 14 उड़नदस्ते गठित

नकल और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने 14 उड़नदस्ते गठित किए हैं। इन दलों में जिला प्रशासन, बोर्ड कार्यालय और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर, फर्नीचर और सुरक्षा व्यवस्था सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित रख-रखाव और समय पर वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से समय पर केंद्र पर पहुंचने और निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है। अभिभावकों से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो सके।

# फैल होने पर गायब हुआ किशोर गुप्तेश्वर पर मिला

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 17 फरवरी।** .कक्षा नवमीं का छात्र घर से बिना बताए अचानक गायब हो गया। बताया गया है कि फेल होने पर मां ने उसे डांट दिया था, जिससे वह खासा नाराज था। इसी के चलते वह चला गया था। चिंतित परिजन उसे तलाशते हुए गुप्तेश्वर पहुंचे, तो वह वहां एकांत में बैठा मिल गया। जिसे वह समझा-बुझाकर अपने साथ घर वापस ले आए। जनकगंज थाना क्षेत्रांतर्गत जाग्रति नगर में रहने वाला 14 वर्षीय निखिल शर्मा अभिनव स्कूल में कक्षा नवमीं का छात्र था। जिसके हाल ही में एग्जाम हुए थे, जिसका बीते रोज रिजल्ट आया, तो वह परीक्षा में फेल हो गया। इस पर उसकी मां ने उसे डांट लगाते हुए कहा, कि तू पढ़ता क्यों नहीं है। बताया गया है कि मां के डांटने के बाद से गुमसुम हो गया था। जो मंगलवार सुबह ही निखिल खासा की, लेकिन आस-पड़ोस सहित आठ बजे के लगभग किसी को बताए बिना अचानक घर से गायब हो गया। जब काफी देर तक परिजनों को वह नजर नहीं आया, तो उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू की। सभी परिचितों व रिश्तेदारों के यहां पूछताछ करने पर भी उसका कुछ पता नहीं लगा। उसके इस तरह चले जाने से परिजन खासे चिंतित हो गए, जो लगातार उसके तलाश में जुटे रहे। इसी बीच किसी के जरिए उन्हें सूचना मिली, कि उनका बेटा गुप्तेश्वर मंदिर के पास देखा गया है। इस पर परिजन तुरंत गुप्तेश्वर पहुंचे, तो निखिल वहां एकांत में बैठा हुआ मिल गया। जिसे परिजन समझा बुझाकर अपने साथ ले -आए।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95